झारखण्ड का प्रथम फिजिकल एकेडमी R.N.S. ACADEMY

# R.N.S ACADEMY

राष्ट्र निर्माण सेना

8 Oct 2023

Follow us on



RN Sir
(Physical Trainer)

SSC | RAILWAY | BANK
JSSC | DEFENCE - ARMY
CAPF | POLICE | Other Competitive Exam


Website : www.rnsacademy.in
Email : academyrns@gmail.com


Daily Current Affairs Booster


Contact : 8084818282, 9113365645


# Daily Current Affairs


Address : RNS Academy, College Road, Pakur, Jharkhand - 816107

## 8 अक्टूबर का इतिहास

- **1932 :** भारतीय वायुसेना का गठन हुआ।
- **1965 :** लंदन की 481 फुट ऊंची डाकघर मीनार को खोला गया। यह इंग्लैंड की उस समय की सबसे ऊंची इमारत थी।
- **2005 :** कश्मीर में भूकंप से हजारों लोगों की मौत हुई।
- **1998 :** कनाडा फ्लाइट सेफ्टी फाउंडेशन का सदस्य बना।
- **2004 :** भारतीय गेहूं पर मौनसेंटो का पेन्टेट रद्द हुआ।
- **1979 :** संपूर्ण क्रांति के प्रणेता और स्वतंत्रता सेनानी जयप्रकाश नारायण का निधन हुआ।

## 8 अक्टूबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- एचडीएफसी बैंक के पूर्व प्रबंध निदेशक ओर सीईओ आदित्य पुरी डेलॉयट टोचे तोमात्सु इंडिया एलएलपी में वरिष्ठ सलाहकार के रूप में शामिल हुए। डेलॉयट ने एक बयान में कहा कि पुरी अपनी विशेषज्ञता और अनुभव का इस्तेमाल वितीय सेवा क्षेत्र में प्रौद्योगिकी आधारित बदलाव लाने और पूरे भारत में वितीय समावेशन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की जाने वाली पहलों में मदद करेंगे।
- केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने देहरादून में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में चौथे ईएमआरएस राष्ट्रीय सांस्कृतिक और साहित्यिक उत्सव एवं कला उत्सव 2023 का उद्धघाटन किया। इसका आयोजन जनजातीय कार्य मंत्रालय के अंतर्गत जनजातीय छात्रों के लिए राष्ट्रीय शिक्षा सोसायटी ने किया है और महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, देहरादून में एकलव्य विद्यालय संगठन समिति उत्तराखंड इसकी मेजबानी कर रहा हैं।
- पर्यटन मंत्रालय ने नई दिल्ली में पीएटीए ट्रैवल मार्ट 2023 समारोह आयोजित किया। पेसिफिक एशिया ट्रैवल एसोसिएशन ट्रैवल मार्ट 2023 का 46वां संस्करण नई दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित शानदार अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी सह कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया है। जिसमें दुनिया भर के पर्यटन पेशेवरों और व्यावसायिक हितधारक एक साथ नजर आएंगे। ट्रैवल मार्ट के इस संस्करण का आयोजन महामारी के कारण तीन साल के अंतराल के बाद किया गया है।
- ओरिक्स द इंटरनेशनल जर्नल ऑफ कंजर्वेशन में प्रकाशित फ्रॉम पेट्स टू प्लेट्स नामक एक हालिया अध्ययन ने कछुओं और हार्ड शेल टर्टल के अवैध व्यापार के बारे में जानकारी प्रदान की हैं। यह अध्ययन वाइल्डलाइफ कंजर्वेशन सोसाइटी-इंडिया के काउंटर वाइल्डलाइफ ट्रैफिकिंग प्रोग्राम से जुड़े विशेषज्ञों द्वारा किया गया था।
- स्ट्रीट वेंडरो को कोरोना काल के बाद उनके छोटे व्यापार को दुबारा शुरू करने के लिए शुरू की गई पीएम स्वनिधि योजना आज काफी लोकप्रिय हो गई हैं। आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय की पहल प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि योजना ने देश भर में 50 लाख से अधिक रेहड़ी पटरीवालों को ऋण मुहैया कराकर एक महत्वपूर्ण पड़ाव हासिल किया हैं।
- नीव लिटरेचर फेस्टिवल 2023 का आयोजन 7 और 8 अक्टूबर 2023 को बेंगलुरू के येमलूर में नीव अकादमी में हो रहा हैं। इस वर्ष इस कार्यक्रम का थीम What is Childhood without stories हैं। महामारी के बाद बच्चों के जीवन में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन आया हैं। वे अब कृत्रिम बुद्धिमता, वैश्वीकरण, मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों, बदलते मूल्यों और कई अन्य कारकों जैसे मुद्दों से जूझते हैं। नतीजतन, तैहार इन परिवर्तनों को संबोधित करने और प्रतिक्रिया देने का प्रयास करता हैं। नीव साहित्य महोत्सव 2017 में शुरू किया गया था।
- बेवरेज कंपनी कोका-कोला इंडिया ने महत्वपूर्ण घोषणा की, अपने प्रमुख कोका कोला ब्रांड के लिए पूरी तरह से पुनर्नवीनीकरण पीईटी बोतलों के लॉन्च के साथ अपनी नवीनतम पर्यावरण सामर्थ्य पहल का आवागमन किया। इस पहल का पर्यावरण और भारतीय उपभोक्ता बाजार दोनों पर सकारात्मक प्रभाव होने की उम्मीद हैं। ये बोतलें 250 मिलीलीटर और 750 मिलीलीटर के पैक आकार में उपलब्ध हैं, और उन्हें देश के विभिन्न बाजारों में वितरित करने के लिए तैयार किया गया हैं।
- खाद्य और कृषि संगठन ने पशुधन और चावल प्रणालियों में मीथेन उत्सर्जन शीर्षक से एक रिपोर्ट प्रकाशित की है। यह रिपोर्ट पशुधन और चावल के खेतों से होने वाले मीथेन उत्सर्जन के कारण जलवायु पर पड़ने वाले प्रभाव पर प्रकाश डालती हैं। यह रिपोर्ट जिसे सितंबर 2023 में एफएओ के पहले सतत् पशुधन परिवर्तन पर वैश्विक सम्मेलन के दौरान जारी किया गया था, आईपीसीसी की छठी मूल्यांकन रिपोर्ट में वर्णित पेरिस समझौते के उद्देश्यों को पूरा करने में मीथेन उत्सर्जन को कम करने के महत्व पर जोर देती हैं।
- भारत ने एशियन गेम्स 2023 में पुरूषों की भाला फेंक फाइनल में गोल्ड और सिल्वर मेडल हासिल किया। पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के हांगझोऊ के ओलंपिक स्पोर्ट्स पार्क मेन स्टेडियम में आयोजित जैवलिन थ्रो में नीरज चोपड़ा ने स्वर्ण और किशोर कुमार जेना ने रजत पदक जीता। इवेंट स्थल पर तकनीकी समस्याओं के कारण नीरज चोपड़ा का पहला थ्रो रद्द कर दिया गया था। उसके बाद उन्होंने अपना पहला थ्रो दोबारा फेंका।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. भारतीय वायुसेना दिवस प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है ?**

(A) 7 अक्टूबर (B) 8 अक्टूबर
(C) 9 अक्टूबर (D) 11 अक्टूबर

**(B)** भारतीय वायुसेना दिवस प्रतिवर्ष 8 अक्टूबर को मनाया जाता है। इस वर्ष भारतीय वायुसेना अपना 91वां स्थापना दिवस मना रही हैं। भारतीय विधायिका द्वारा 8 अक्टूबर 1932 को भारतीय वायुसेना विधेयक पारित किया गया जिसके बाद वायु सेना अस्तित्व में आई भारतीय वायु सेना का मुख्य उद्देश्य है भारतीय हवाई क्षेत्र को सुरक्षित रखना और संघर्ष के दौरान हवाई युद्ध का आयोजन करना।




**2. भारतीय वायु सेना अगले सात-आठ वर्षों में कितने लाख करोड़ के हथियार खरीदेगी?**

(A) 3 लाख करोड़ (B) 5 लाख करोड़
(C) 7 लाख करोड़ (D) 10 लाख करोड़

**(A)** भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधनी ने कहा कि देश की वायु सेना अगले सात-आठ वर्षों में 2.5-3 लाख करोड़ रुपये की लागत से नए सैन्य उपकरण खरीदने पर विचार कर रही हैं। इस खरीद में विमान, हेलीकॉप्टर और मिसाइलों सहित कई प्रकार के प्लेटफार्म शामिल होंगे।



**3. हाल ही में आईसीसी ने ओडीआई विश्व कप के लिए किसे वैश्विक राजदूत नियुक्त किया है ?**

(A) राहुल द्रविड़ (B) महेंद्र सिंह धोनी
(C) विराट कोहली (D) सचिन तेंदुलकर

**(D)** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने भारत के दिग्गज और भारत रत्न सचिन तेंदुलकर को पुरूष क्रिकेट विश्व कप 2023 के लिए ग्लोबल एंबेसडर के रूप में नामित किए गए हैं। मास्टर ब्लास्टर जिनके पास अपने करियर में 2003 वनडे वर्ल्ड कप में 11 मैचों में 673 रन बनाने का रिकॉर्ड कायम किया हैं।



**4. हाल ही में किसने 45 दिवसीय स्टॉप गैप फंडिंग विधेयक पर हस्ताक्षर किए है ?**

(A) जो बाइडेन (B) नरेंद्र मोदी
(C) पीयूष गोयल (D) निर्मला सीतारमण

**(A)** हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने वितीय वर्ष के लिए संघीय सरकार की फंडिंग समाप्त होने से कुछ मिनट पहले 45 दिवसीय स्टॉप गैप फंडिंग विधेयक पर हस्तक्षर किए। सरकारी शटडाउन को टालने के आखिरी मिनट के प्रयास में हाउस स्पीकर केविन मैक्कार्थी ने नया बिल जारी किया, जो नवंबर के मध्य तक संघीय एजेंसियों को मौजूदा स्तर पर वित पोषित रखेगा।



**5. हाल ही में किस केंद्रीय मंत्रालय ने अमेजन फ्यूचर इंजीनियर प्रोग्राम शुरू करने की घोषणा की है ?**

(A) रक्षा मंत्रालय (B) विदेश मंत्रालय
(C) जनजातीय कार्य मंत्रालय (D) इनमें से कोई नहीं

**(C)** हाल ही में जनजातीय कार्य मंत्रालय ने अमेजन इंडिया और लर्निंग लिंक्स फाउंडेशन के सहयोग से EMRSs के लिए अमेजन फ्यूचर इंजीनियर प्रोग्राम के दूसरे चरण का शुभारंभ किया हैं।



**6. हाल ही में भारत और किस देश ने अलास्का में दो सप्ताह के युद्ध खेल शुरू किए है ?**

(A) कनाडा (B) अमेरिका

(C) ब्रिटेन (D) जापान

**(B)** भारत और अमेरिका की सेनाएं अलास्का में दो सप्ताह का युद्धाभ्यास शुरू की, जिसमें कई जटिल अभ्यास शामिल होंगे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह भव्य युद्धाभ्यास नई दिल्ली और वाशिंगटन द्वारा भारत-अमेरिका वैश्विक रणनीतिक साझेदारी के समग्र दायरे का विस्तार करने पर नये सिरे से जोर दिए जाने के बीच हो रहा है।



**7. हाल ही में आरबीआई ने इंटरनेशनल फाइनेंस कॉर्पोरेशन को किस बैंक में हिस्सेदारी हासिल करने की मंजूरी दी ?**

(A) फेडरल बैंक (B) SBI

(C) एक्सिस बैंक (D) यस बैंक

**(A)** भारतीय रिजर्व बैंक ने इंटरनेशनल फाइनेंस कॉरपोरेशन को फेडरल बैंक में 9.7 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने की मंजूरी दे दी हैं। इस साल की शुरूआत में केरल स्थित प्राइवेट सेक्टर के बैंक ने विश्व बैंक ग्रुप के सदस्य को शेयरों के प्रोफरेंस शेयर के जरिए 959 करोड़ जुटाए थे।




**8. हाल ही में किस राज्य सरकार ने राहत शिविरों में रहने वाले लोगों को एकमुश्त वितीय सहायता वितरित की है ?**

(A) मिजोरम (B) पश्चिम बंगाल

(C) मणिपुर (D) केरल

**(C)** हाल ही में मणिपुर सरकार ने राहत शिविरों में रहने वाले श्रमिक कार्ड धारकों के बच्चों की शिक्षा के लिए विशेष योजना के तहत लाभार्थियों को एकमुश्त वित्तीय सहायता वितरित की। मुख्यमंत्री सचिवालय में आयोजित वितरण कार्यक्रम का आयोजन मणिपुर भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड द्वारा किया गया था।



**9. हाल ही में ऑनलाइन गेमिंग और कैसीनो पर कितने प्रतिशत जीएसटी लगाया गया है?**

(A) 12% (B) 28%

(C) 32% (D) 35%

**(B)** हाल ही में वित मंत्रालय ने ऑनलाइन गेमिंग, कसीनो और घुड़दौड़ पर 28% जीएसटी लागू करने का आदेश जारी किया हैं। विदेशी ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफार्मो को भी भारत में पंजीकृत होना और करों का भुगतान करना अनिवार्य हो गया हैं। इसके अलावा, ऑनलाइन गेमिंग, कसीनो और घुड़दौड़ के मामलों में लगाए गए दांव पर भी 28% जीएसटी लागू होगा।




**10. हाल ही में टी-20I क्रिकेट में सबसे तेज अर्धशतक का रिकॉर्ड किसने बनाया है ?**

(A) दीपेंद्र सिंह ऐरी (B) हैरी ब्रूक

(C) सूर्य कुमार यादव (D) इनमें से कोई नहीं

**(A)** हाल ही में नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी के नाम टी-20 क्रिकेट में सबसे तेज अर्धशतक का रिकॉर्ड दर्ज किया। उन्होने एशियन गेम्स 2023 में ग्रुप स्टेज मैच में मंगोलिया के खिलाफ नौ गेंदों में अर्धशतक बनाया था। यह पारी टी-20 इंटरनेशनल में सबसे तेज 50 रन भी है।

